हरो ॐ नमः शिवाय शिव शम्भू का महामंत्र है

ॐ नमः शिवाय हरी ॐ नमः शिवाय
शिव संभु का महामंत्र है मुक्ति का उपाय

जब जब डोले जीवन नैया, शिव की महिमा गावो
सारे जग के वो है खिवैया, शिव की शरण में आवो
संकट छाये कष्ट रुलाये जब जब जी घबराये,
कहो ॐ नमः शिवाये ...

सबसे प्यारे सबसे न्यारे बाबा भोले भाले है
भांग धतूरे की मस्ती में रहते मस्त निराले हैं
बम बम भोले कहते जावो जी दम आये जाये,
हरी ॐ नमः शिवाय...

आधा चंद माथे सोहे गाल सर्पो की माला है
तेज धारी के तेज़ से पाए सूरज चाँद उजाला
डम डम बोले शिव का डमरू सातो स्वर दोहराये,
हरी ॐ नमः शिवाय...

विपता आई राम पे भारी शिव शंकर का जाप किया
बजरंगी की शक्ति बनकर राम का शिव ने साथ दिया
रामेश्वर की पूजा करके राम यही फरमाये
हरी ॐ नमः शिवाय...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1325/title/om-namah-shivaya-hariom-namah-shivaya-shiv-shambhu-ka-mahamantra-hai-mukti-ka-upay

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |